छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक 5866/आर 3226/2022/22–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 03/10/2022

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर**
   छत्तीसगढ़
2. **समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
   जिला पंचायत– छत्तीसगढ़

विषय :– छत्तीसगढ़ राज्य में "जन योजना अभियान (PPC)" अंतर्गत वर्ष 2023–24 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (DPDP, BPDP&GPDP) विकास योजना निर्माण बाबत।

संदर्भ :– भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय का पत्र क्रमांक D.O. No. R-11/1/2022-CB दिनांक 01 सितम्बर 2022

––00––

विषयान्तर्गत भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (DPDP, BPDP&GPDP) विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान – 2022 (PPC-2022) का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायतों में क्रमशः सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर आगामी वर्ष के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है।

जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (DPDP, BPDP&GPDP) विकास योजना में 11वीं अनुसूची में 29 विषयों से संबंधित कार्यों को सम्मिलित करते हुये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। जन योजना अभियान – 2022 में ग्राम पंचायतों द्वारा स्थानीय सतत् विकास लक्ष्यों (LSDG) से संबंधित नौ (9) थीम पर जो संकल्प लिया गया है से संबंधित कार्यों को भी ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) निर्माण में सम्मिलित किया जाना है। स्व–सहायता समूहो द्वारा बनाये गये ग्रामीण गरीबी उन्मूलन योजना (IVPRP) को भी ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) निर्माण में सम्मिलित करना अनिवार्य किया गया है।

जन योजना अभियान में पूर्व वर्षों की भांति की जाने वाली गतिविधियों के लिये निम्नानुसार समय–सीमा निर्धारित की जाती है :–

क्र	समय–सीमा	दिनांक
1	जिला/जनपद/ग्राम पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी का नामांकन	05 अक्टूबर 2022
2	लाईन विभागों के नोडल अधिकारी का नामांकन	05 अक्टूबर 2022
3	जिला/जनपद/ग्राम पंचायत स्तर पर Facilitators का नामांकन व पोर्टल में एन्ट्री	10 अक्टूबर 2022
4	जिला/जनपद/ग्राम पंचायत स्तर पर लाईन विभागों के Frontline रिसोर्स पर्सन का नामांकन	10 अक्टूबर 2022

क्रमश.....02..

5	राज्य स्तर पर जिला स्तरीय मासटर ट्रेनरों का प्रशिक्षण (SIRD निमोरा में)	माह अक्टूबर 2022
6	राज्य पर लाईन विभागों के नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण (DPRC/BPRC)	माह अक्टूबर 2022
7	जिला/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण	माह अक्टूबर 2022
8	जिला/जनपद/ग्राम पंचायत की सामान्य सभा व ग्राम सभा की Scheduling	20 अक्टूबर 2022
9	जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (DPDP,BPDP&GPDP) को ई–ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड करना	20 अक्टूबर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी लाईन विभागों के सहयोग से अभियान की समस्त गतिविधियों को समय–सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

3/10/22

(सुब्रत साहू)
अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

पृ.क्र. 5867/आर 3226/2022/22–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 03/10/2022

प्रतिलिपि :–

1- विशेष सहायक, माननीय मंत्री, छत्तीसगढ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
2- समस्त विभागाध्यक्ष, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सूचनार्थ।
3- समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।
4- समस्त उप संचालक, पंचायत जिला कार्यालय छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5- समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3/10/22

अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग